भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 643

(दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए)

नरकटियागंज आकाशवाणी केंद्र का स्तरोन्नयन

643. श्री सुनील कुमारः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को बिहार के पश्चिम चंपारण जिले स्थित नरकटियागंज आकाशवाणी केंद्र, जो वर्तमान में अत्यंत छोटा है और जिसकी प्रसारण क्षमता बहुत कम है, को एक आधुनिक दीर्घ-परास (लॉन्ग रेंज) आकाशवाणी केंद्र में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके अनुमोदन की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) और (ख) : प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम, देश में दूरदर्शन और आकाशवाणी की प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है। बीआईएनडी स्कीम को वर्ष 2021-26 के लिए कुल ₹2539.61 करोड़ के परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। इस स्कीम को 31.03.2027 तक बढ़ा दिया गया है।

इस स्कीम में आकाशवाणी के ट्रांसमीटरों और स्टूडियो की स्थापना और आधुनिकीकरण, डीडी फ्री डिश डीटीएच प्लेटफार्म और डीडी टीवी चैनलों का विस्तार शामिल है। इसमें प्रोडक्शन और पारेषण सुविधाओं का उन्नयन भी शामिल है।

वर्ष 2021 में नरकटियागंज में 10 किलोवाट एफएम रिले स्टेशन चालू किया गया। बीआईएनडी स्कीम के अंतर्गत 100 मीटर का टावर लगाया गया है, जो पूर्ण क्षमता पर 50 किमी की रेडियल दूरी तक कवर करेगा।

इसके अतिरिक्त, ज़िला निवासी वैकल्पिक प्लेटफॉर्मों के माध्यम से दूरदर्शन और आकाशवाणी की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। प्रसार भारती की फ्री-टू-एयर डीटीएच सेवा, डीडी फ्री डिश, बिना किसी सदस्यता शुल्क के सभी दूरदर्शन चैनल और 48 आकाशवाणी चैनल प्रसारित करती है। न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर 260 से अधिक आकाशवाणी चैनल उपलब्ध हैं। दूरदर्शन और आकाशवाणी के चैनल वेव्स ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

*****